संख्या- 1/1483/14-5-2014-75/13 टी0सी0

प्रेषक

आलोक रंजन
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव/सचिव,
कार्यक्रम कार्यान्वयन/ग्राम्य विकास/ऊर्जा /औधोगिक विकास/आवास एवं शहरी नियोजन/सिंचाई/लोक निर्माण/सहकारिता/भूमि एवं जल संसाधन/उच्च शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/बेसिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन।

वन अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 27 जून, 2014

विषय- वृक्षारोपण रणनीति वर्ष 2014-15 के क्रियान्वयन के संबंध में।

महोदय,

वर्ष 2014-15 हेतु वृक्षारोपण लक्ष्यो का निर्धारण विषयक वन अनुभाग-5 के शासनादेश संख्या-09/14-5-2014-75/2013, दिनांक 19-02-2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वन विभाग के अतिरिक्त अन्य 11 विभागों के प्रमुख सचिव/सचिवगण को यह निर्देशित किया गया है कि संबंधित विभाग अपने विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करेगें तथा इस कार्य हेतु समय से आवश्यक धनराशि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त निर्देशों के दृष्टिगत अपने स्तर पर विभागीय अधिकारियों की बैठक कर यह समीक्षा कर ले कि वृक्षारोपण हेतु समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गयी है ताकि समय से वृक्षारोपण कार्य पूर्ण कर निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके। वृक्षारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्यो की प्राप्ति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए शासनादेश दिनांक 19-02-2014 के अनुपालन में विभागीय निर्देश भी जारी किए जाय।

3- उपरोक्त के अतिरिक्त निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति तथा अनुश्रवण हेतु विभागाध्यक्ष स्तर पर नोडल अधिकारी नामिंत किया जाय।

कृपया उक्त आदेशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा जारी किये गये निर्देशों की प्रति व नोडल अधिकारी का नाम व पदनाम आदि से संबधित विवरण प्रमुख सचिव, वन एवं पर्यावरण, उ0प्र0 शासन को दिनांक 01-07-2014 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आलोक रंजन)
मुख्य सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in